bajaj FOUNDATION

bajaj GROUP THINK TOMORROW

प्रकाशित अप्रैल २६,२०२३

बजाज फाउंडेशन ने जल संसाधन प्रबंधन में असाधारण कार्य के लिएजीता नवभारत सीएसआर पुरस्कार

- फाउंडेशन के ट्रस्टी, श्री अपूर्व नयन बजाज ने महाराष्ट्र के राज्यपाल, माननीय श्री रमेश बैस से पुरस्कार प्राप्त किया। Video
- महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा की। Video

मुंबई २६.०४.२३:

बजाज फाउंडेशन ने १९ अप्रैल को राजभवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में जल संसाधन प्रबंधन मं सराहनीय कार्य के लिए नवभारत सीएसआर पुरस्कार जीता। फाउंडेशन के ट्रस्टी **श्री अपूर्व नयन बजाज** ने **महाराष्ट्र** के माननीय राज्यपाल **श्री रमेश बैस** के हाथों यह पुरस्कार प्राप्त किया।

बजाज फाउंडेशन बजाज समूह की परोपकारी शाखा है और सावधानी से चुने गए हस्तक्षेपों के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर और वहां के जीवन को सुखद बनाने के लिए प्रयासरत रहा है।

श्री अपूर्व नयन बजाज महाराष्ट्र के राज्यपाल माननीय **श्री रमेश बैस** से पुरस्कार प्राप्त करते हुए

इस पुरस्कार को प्राप्त करने पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, श्री अपूर्व नयन बजाज ने कहा, “यह पुरस्कार को प्राप्त करना बहुत ही सुखद अनुभव है। यह बताता है कि हमारा प्रयास सही दिशा और मार्ग पर हैं। यह पुरस्कार हमें एक बहुत बडी संख्या के संभावित लाभान्वितों तक पहुँचने में मदद करेगा। हमें यह ध्यान रखना है कि पानी की कमी है और यह बहुत ही अनमोल है।”

bajaj FOUNDATION

bajaj GROUP THINK TOMORROW

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष श्री राहुल नार्वेकर ने भाग लिया। श्री फडणवीस और श्री नार्वेकर ने भी बजाज फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा की।

जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में बजाज फाउंडेशन के काम ने अन्य संगठनों और व्यक्तियों के लिए टिकाऊ विकास की दिशा में काम करने और देश में पानी की कमी को दूर करने के लिए एक उदाहरण पेश किया है। संगठन अपने काम करने वाले स्थानों में हर व्यक्ति को सिंचाई और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य की दिशा में प्रयासरत है।

यह पुरस्कार यशोदा नदी के ७00 किलोमीटर से अधिक हिस्से को फिर से जीवंत करने, सैकडों वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण और कुओं और बोरवेलों के पुनर्भरण करपानी की कमी वाले क्षेत्रों में जीवन को आसान बनाने में फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना है। अब तक, फाउंडेशन ने अपनेप्रयासों के माध्यम से १५00 गांवों में ८५,000 से अधिक परिवारों (४.५२ लाख लोगों) के जीवन को प्रभावित किया है और महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य में 3.१६ लाख एकड.से अधिक भूमि की सिंचाई की है।

बजाज फाउंडेशन ने माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को भी अपनाया है और १.2८ लाख से अधिक परिवारों को उनकी १.६५ लाख एकड.भूमि पर प्राकृतिक खेती प्रथाओं का उपयोग करके आत्मनिर्भर बनने में मदद कि है।

बजाज फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों के बारे में अधिक जानकारी के लिए **www.bajajfoundation.org** पर जाएं

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

संजय ओझा
उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट संचार
फ़ोन नंबर : ९८३५३१४२४९
ईमेल:
skojha@bajaj-group.com

श्री हरिभाई मोरी
अध्यक्ष, बजाज फाउंडेशन
फोन नंबर: **९००४०२७५५३**
ईमेल: **hmori@bajajenergy.com**

१0 वीं मंजिल, बजाज भवन, 22६, जमनालाल बजाज मार्ग,
नरीमन पॉइंट, मुंबई, महाराष्ट्र ४000२१